तापमान
अधिकतम 29 .5 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री

हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 25 अगस्त 2026

11 छोरियों के बाद रेवाड़ी के छोरे भी नेटबॉल में छाए, सिरसा, हिसार व कुरुक्षेत्र को हराकर जीता खिताब

12 एनएच-48 पर धारूहेड़ा में लग रहा जाम बना आफत, सुबह-शाम स्थित हो रही ज्यादा खराब

खबर संक्षेप

कबीर का शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

रेवाड़ी। आरपीएस स्कूल कोसली के छात्र कबीर सहरावत ने नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कबीर ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर सफलता हासिल की। इससे पहले भी कबीर ने शूटिंग प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव, निदेशक हंसराज यादव एवं प्राचार्या अंजू यादव ने कबीर को बधाई दीं। कबीर की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

जाटूसाना। पुलिस ने पाल्हवास के पास हुए सड़क हादसे के बाद दर्ज मामले में एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ 15 मई को केस दर्ज किया था। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पंजाब के संगरूर निवासी बलदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज की मांग पर एक विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले के एक गांव निवासी विवाहिता कोमल की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बार-बार दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराने के बाद भी समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 11 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के पटवासन निवासी रविकांत को गिरफ्तार किया है।

देहलावास गुलाबपुरा में वालीबॉल स्पर्धा 26 को

रेवाड़ी। क्षेत्र के गांव देहलावास गुलाबपुरा में 26 अगस्त को बाबा धर्म देव की याद में विशाल भंडारा, रागनी कार्यक्रम एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा धर्म देव के मंदिर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने की अपील की है।

ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में रखे गए 13 मामलों में से 4 परिवादों का मौके पर निपटारा

सीवर ओवरफ्लो मामले में एसडीओ को चार्जशीट करने के आदेश

अधिकारियों के संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मंत्री ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सोमवार को बाल भवन में हुई ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में 4 पुराने व 8 नए परिवादों सहित 13 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें 4 परिवादों का मौके पर निपटारा किया गया, वहीं 9 परिवादों पर आगामी कार्रवाई के लिए जांच कर आगामी बैठक में रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए। बैठक में मंत्री ने कई मामलों में अधिकारियों पर नाराजगी भी जताई। जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने परिवादों की सुनवाई की और मामलों में अधिकारियों की कार्रवाई और जवाबदेही पर सवाल उठाए। परिवादों की सुनवाई के दौरान कई विभागों के अधिकारी संतोषजनक जवाब तक नहीं दे सकें। नगर परिषद के एसडीओ के बैठक में नहीं पहुंचने पर मंत्री ने चार्जशीट के आदेश दिए। बाद में नप ईओ ने बताया कि एसडीओ कोर्ट में तारीख पर है। मंत्री ने निर्देश दिए कि सुपर सकर मशीन से सेक्टर-1 की सीवरेज लाइन को साफ कराएं और पार्क में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। शहर में पानी निकासी से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं का अधिकारी अपने स्तर पर ही समाधान करें।

रेवाड़ी। बैठक में लोगों की समस्या सुनते मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

प्राइवेट जमीन पर एससीओ बेचने का मामला

सेक्टर-4 मार्केट से जुड़ी शिकायत में आरोप लगाया गया कि हुडा ने नक्शे में निजी जमीन को अपनी जमीन दिखाकर महंगे दामों पर एससीओ बेच दिए। बाद में निजी जमीन का मामला सामने आने पर जमीन खरीदकर वहां कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि हुडा, नगर परिषद और डीटीपी विभाग की ओर से मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई। मामले को लेकर मंत्री ने एडीसी राहुल मोदी को जांच करने के आदेश दिए।

सेक्टर-1 के होली पार्क में जलभराव की समस्या को लेकर भी मंत्री ने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे है। सीवर-नाली जैसी समस्याएं आना इस बैठक में उचित नहीं है, इनका समाधान अपने स्तर पर ही कर देना चाहिए। मामले को लेकर नगर परिषद के ईओ व जेई मंत्री के समक्ष कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए नप के एसडीओ को चार्जशीट करने के आदेश दिए।

बिना जमीन दो व्यक्तियों को करा दी रजिस्ट्री

बैठक में तहसील का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। यहां वर्ष 2014 में एक व्यक्ति ने अपनी जमीन दो लोगों को बेच दी। दोनों अलग-अलग रजिस्ट्री व इंतकाल भी करा दिया गया, लेकिन धरातल पर कोई जमीन ही नहीं है। इस मामले में एक पीडित ने कोर्ट केस दायर किया है। दूसरे पीड़ित कनीना के रहने वाले सेवानिवृत सैनिक सतपाल को भी 11 साल बाद बताया गया कि वह जिस जमीन पर रह रहा है वह उसकी नहीं है। मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम को जांच के आदेश दिए। मंत्री ने कहा कि मामले में तहसीलदार, कानूनगो व पटवारी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, कोसली के विधायक अनिल यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, डीसी अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी प्रदीप अहलावत, पीपीपी स्टेट को-ऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली,एसडीएम दलबीर सिंह, कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, बावल के एसडीएम संजीव कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल व महामंत्री कुलदीप चौहान सहित विभागीय अधिकारी व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य मौजूद रहे।

दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

सहादत नगर निवासी भतेरी देवी का प्लाट का रास्ता दिखाने और वर्ष 2005 में लिखित इंतकाल होने के बावजूद ऑनलाइन इंतकाल दर्ज नहीं होने का मामला भी सामने आया। राजस्व विभाग के अधिकारियों के पास इसका स्पष्ट जवाब नहीं था। मंत्री ने मामले की जांच एडीसी से कराने तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने बैठक की तैयारियां पूरी होने और संबंधित परिवादियों व विभागाध्यक्षों को सूचना दिए जाने की जानकारी दी थी।

रेवाड़ी। बैठक में अपनी शिकायत रखते सेक्टर-1 वासी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस को दिए जांच के आदेश

अमर सिंह की शिकायत पर सुनवाई करते हुए मंत्री ने एसपी हेमेंद्र मीणा को जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए है। शिकायतकर्ता ने बताया एक ठेकेदार ने अलग-अलग साइटों पर करीब पांच करोड रुपये के कार्य करा लिए, लेकिन अब करीब 95 लाख रुपये देने में लंबे समय से आनाकानी कर रहा है।

मारपीट व छीना-झपटी के आरोप में तीन नामजद

तिहाड़ा गांव में हुई थी घटना, पुलिस ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल

थाना बावल पुलिस ने तिहाड़ा में एक युवक के साथ मारपीट करने और उसका सामान छीनने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

पुलिस शिकायत में सुलखा निवासी विनीत कुमार ने बताया कि उसके भाई सचिन ने तिहाड़ा गांव में 5 कनाल जमीन खरीदी हुई है। वह 22 अगस्त को जीपीएस की लोकेशन लेने के लिए खेत में गया था। उसने आरोप लगाया कि वहां तिहाड़ा निवासी रोहित, सतबीर, कर्मबीर व तीन-चार अन्य लोगों आकर मारपीट करना शुरू कर दिया। उसका मोबाइल फोन व सोने की चेन छीन ली। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने के बाद उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई घटना

यह घटना खेत के पास एक मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में शिकायतकर्ता अपना बचाव करते हुए भागकर मकान में घुसता हुआ नजर आ रहा है, जबकि दो आरोपियों उसके पीछे भाग रहे हैं। बाद में दोनों में से एक उसकी बाइक लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

शिक्षा विभाग को मिला नया भवन, हरियाणा स्कूल अधिकारी संगठन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा स्कूल अधिकारी संगठन के जिला प्रधान अनिल यादव ने सेक्टर-4 में स्थानांतरित हुए शिक्षा विभा कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी शिक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुराने कार्यालय में स्थान अभाव के चलते अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अलावा आगंतुकों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नए बहुमंजिला भवन में पर्याप्त स्थान है, जिसके चलते शिक्षा विभाग के सभी कार्यालय एक छत के नीचे होने से विभाग तथा आगंतुकों की समय तथा ऊर्जा की बचत होगी। उन्होंने कहा कि नया भवन तमाम भौतिक एवं डिजिटल संसाधनों से सुसज्जित होने के बाद विभाग की सभी प्रकार की बैठकों, कार्यक्रम तथा कार्य योजनाओं के केंद्र के रूप में भी उभरेगा, जिससे शैक्षणिक गुणात्मक सुधार सुनिश्चित होने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, डीपीसी संतोष तंवर, डिप्टी डीईओ अरविंद यादव, डिप्टी डीईओ राजेंद्र यादव, बीईओ दुष्यंत कुमार, राकेश कुमार प्राचार्य तथा हरियाणा स्टाफ मिनिस्टीरियल संगठन के सभी प्रतिनिधियों को कार्यालय स्थानांतरण में सहयोग देने के लिए बधाई दी।

रेवाड़ी। अधिकारियों का स्वागत करते एसोसिएशन के सदस्य।

दोहरे हत्याकांड में तीन और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

- अन्य की तलाश में पुलिस की छापेमारी लगातार जारी

गोकलपुर गांव के पास गत 21 अगस्त को बाइक को टक्कर मारकर दो युवकों की हत्या करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभी तक पुलिस दोहरे हत्याकांड में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य की तलाश में पुलिस की छापेमारी लगातार जारी है। तीन दिन पहले कॉलेज छात्रों के दो गुटों के बीच चल रहा विवाद खूनी झड़प में बदल गया था। इन युवकों में विवाद कांवड़ यात्रा से शुरू हुआ था, जिसमें बाहर के लोगों को भी बुला लिया गया था। घटना के दिन मांढैया निवासी जतिन, निगानियावास निवासी हिमेश और बुड़ाना निवासी यशपाल झगड़े की आशंका से बचते हुए बाइक लेकर भाग रहे थे। इसी दौरान कार की टक्कर मारकर उन्हें सड़क पर गिराने के बाद जमकर पीटा गया। मारपीट में जतिन और हिमेश की मौत हो गई थी, जबकि यशपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था। सदर थाना पुलिस ने जतिन के पिता देशराज के बयान पर तीन गांवों के 9 नामजद सहित कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। आरोपी बुड़ानी, आसलवास, चिराहड़ा व अन्य गांवों के रहने वाले हैं। पुलिस ने एक दिन पहले बुड़ानी निवासी तरुण को गिरफ्तार किया

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द

डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि इस जघन्य हत्याकांड के बाद एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा खुद मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने सीआईए और सदर थाना की टीमों को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में सदर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

केबल चोरी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

- आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया
- पूछताछ के दौरान उससे चोरी की अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

थाना कोसली पुलिस ने टूसबवेलों से बिजली की केबल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के दौरान उससे चोरी की अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस को दर्ज शिकायत में जखाला निवासी सुल्तान सिंह ने बताया कि उसका ट्यूबवेल मुंडड़ा रोड पर है। 23 अगस्त को उसका बेटा अमित ट्यूबवेल की मोटर चलाने के लिए खेत में गया तो कोठरी का ताला टूटा हुआ मिला। कोठरी से ट्यूबवेल तक की केबल गायब थी। आसपास पूछताछ करने पर पड़ोसी लक्ष्मण ने बताया कि रात को उसने खेतों में चोरी करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा है, जिसका नाम दिल्ली के छावला निवासी अमित शौकीन है। उसे काबू करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने सुल्तान की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रिमांड पर पूछताछ के दौरान उसके साथियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

लगभग 6 डिग्री तक गिर गया दिन का तापमान, आज भी हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार

तीन खंडों में बारिश से गिरा पारा, गर्मी से मिली राहत

- आसमान अभी जल्द पूरी तरह साफ होने की संभावना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सावन माह के अंतिम दिनों में इंद्रदेव एक बार फिर मेहरबान होते नजर आने लगे हैं। जिले के तीन खंडों में हल्की बारिश और कई इलाकों में बूंदाबांदी ने पारा 6 डिग्री तक गिरा दिया, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। मंगलवार को भी आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई जा रही है। बीते 10 दिनों से लोग भारी गर्मी का सामना कर रहे थे। आसमान में बादल छाने के बावजूद बारिश नहीं हो रही थी, जिस कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर बेहाल किया हुआ था।

रविवार की रात जिले के कई खंडों में जहां बारिश हुई, वहीं कई इलाकों में बूंदाबांदी से मौसम में बदलाव आ गया। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। सुबह 8 बजे तक चौबीस घंटों के दौरान नाहड़ खंड में सर्वाधिक 13.3 एमएम बारिश हुई। रेवाड़ी में 5 एमएम और धारूहेड़ा-बावल में 3-3 एमएम बारिश हुई। दिन के समय कई इलाकों में बौछारें गिरती रहीं। शाम के समय भी आसमान में गहराए बादलों के बीच हल्की बूंदाबांदी होती रही। आसमान में छाए बादलों से और बारिश का अनुमान लगाया जा रहा था।

रेवाड़ी। सोमवार सुबह शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

पारा गिरने से कूल हुआ मौसम

रविवार को सुबह से ही सूर्य देव बादलों के बीच छुपे रहे। अधिकतम तापमान 5.9 डिग्री की गिरावट के साथ 29.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 1.8 डिग्री की कमी के साथ 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से सोमवार की रात और मंगलवार को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। आसमान अभी जल्द पूरी तरह साफ होने की संभावना नहीं है।

किसानों को मौसम से राहत

इस समय बाजरा और कपास की फसलों को सिंचाई की ज्यादा जरूरत है। भारी गर्मी के बीच बारिश के अभाव में किसानों के लिए इन फसलों को बचाना मुश्किल बना हुआ था। बिजली की कमी के चलते दोनों फसलों की एक साथ सिंचाई में परेशानी आ रही थी। जिन इलाकों में बारिश हुई है, वहां किसानों को काफी राहत मिली है। फसलों को बरसात का अच्छा फायदा मिला है। अगर अच्छी बारिश होती है, तो फसल कटाई तक सिंचाई की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौसम में बदलाव के साथ ही बिजली की चपत में भी कमी आई है।

MAHARANA PRATAP COLLEGE
धनौन्दा (ब्लॉक - कनीना), जिला - महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)
Approved by NCTE, AICTE/Affiliated to IGU, Meerpur (Rewari)
ADMISSION OPEN (SESSION 2026-27)
B.P.Ed. योग्यता - स्नातक में 50% अंक एवं राज्य स्तर का खेल प्रमाण पत्र
B.Tech. (Civil, Mechanical, C.S.E., Electrical, E.C.E., I.T.) योग्यता - 10+2 (PCM) में 50% अंक, शुल्क 30000/- वार्षिक
Polytechnic (Civil, Mechanical, C.S.E., Electrical, E.C.E.) योग्यता - 10th पास, शुल्क 20000/- वार्षिक
B.Ed. योग्यता - स्नातक या स्नातकोत्तर में 50% अंक
9467834482 8053910428
mpitm.kanina1@gmail.com mpitm.kanina@gmail.com
www.mpcoekanina.com www.mpitmkanina.com

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
25 अगस्त 2026
विशेष रक्षाबंधन

जीवन भर हो साथ निभाने वाला भाई-बहन का रिश्ता

भाई-बहन का रिश्ता बहुत अनमोल होता है। बचपन में तो यह रिश्ता इतना निश्छल-प्यारा होता है, जिसकी यादें दोनों के दिलों में ताउम्र बसी रहती हैं, एक-दूसरे को बांधे रहती हैं। कभी कोई दूरियां आती भी हैं तो बचपन की मीठी स्मृतियां रिश्तों को सहेजती हैं। रक्षाबंधन जैसा पर्व ऐसे ही मूल्यों को सहेजता है, भाई-बहन के रिश्तों में प्रेम-स्नेह बनाए रखता है।

आवरण कथा
वीरेंद्र बहादुर सिंह

रक्षाबंधन केवल कलाई पर राखी बांधने का त्योहार नहीं है। यह पर्व भाई-बहन के दिलों को जोड़कर रखता है। राखी का धागा भले ही कुछ समय के लिए कलाई पर बंधता है, लेकिन इसके पीछे बचपन की स्मृतियां भी छिपी होती हैं, जो जीवन भर साथ जुड़े रहने के लिए उत्प्रेरित करती हैं। सुख-दुख में साथी बनाए रखती हैं।

हमेशा हमारे साथ रहें बचपन की प्यारी-सलोनी स्मृतियां

बचपन में भाई-बहन का रिश्ता बहुत ही सहज-प्यारा होता है। एक ही घर, एक ही आंगन, एक ही स्कूल, खिलौनों पर झगड़े, छोटी-छोटी बातों पर रूठना और कुछ ही देर बाद फिर साथ खेलना। कभी भाई अपनी बहन की चोटी खींचता है, तो कभी बहन उसकी कोई खाने की चीज चुपचाप गप्प कर जाती है। कभी दोनों भाई-बहन मिलकर कोई शरारत करते हैं, डांट पड़ने पर एक-दूसरे को बचाते हैं। यही छोटी-छोटी घटनाएं आगे चलकर जीवन की प्यारी-सलोनी स्मृतियां बन जाती हैं, एक-दूसरे को जोड़े रखती हैं।

बड़े होने पर अपने-अपने जीवन में हो जाते हैं व्यस्त

समय गुजरता है। बच्चे बड़े हो जाते हैं। पढ़ाई, नौकरी, विवाह और जिम्मेदारियां जीवन को अलग-अलग दिशाओं में ले जाती हैं। वह घर, जिसमें भाई-बहन कभी साथ रहते थे, पीछे छूट जाता है। किसी का घर दूसरे शहर में बस जाता है, कोई विदेश चला जाता है। भाई-बहन दोनों की ही अपनी गृहस्थी बस जाती है, वे इसमें व्यस्त हो जाते हैं। मुलाकातें होती हैं। फोन पर बातचीत भी कभी-कभी हो पाती है। लेकिन दिल के किसी कोने में बचपन का वह प्यार बरकरार रहता है।

रक्षाबंधन पर फिर से पुरानी यादें हो जाती हैं ताजा

रक्षाबंधन पर बहन केवल भाई की कलाई पर रेशमी धागा ही नहीं बांधती, वह अपने बचपन को फिर से छूती भी है। उसे वह भाई याद आता है, जिसके साथ उसने गुड़िया-गुड्डे खेले थे, जिसके साथ स्कूल गई थी, जिसके साथ मिठाई बांटी थी, जिसके लिए कभी मां से छिपाकर उसका हिस्सा बचाया था। भाई के लिए भी राखी केवल एक रस्म नहीं होती। उसकी कलाई पर बंधा धागा उसे उस बहन की याद दिलाता है, जिसने उसके बचपन को अपने स्नेह से भरा था। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ रिश्तों की दुनिया भी बदलती है।

विवाह के बाद बदल जाता है रिश्तों का स्वरूप

अकसर भाई-बहनों को आपस में यह शिकायत रहती है कि विवाह के बाद उनके प्रति वह प्रेम-स्नेह नहीं रहा, जो पहले हुआ करता था। वे अपने रिश्तों के प्रति उदासीन हो गए हैं। यहां यह समझने की जरूरत है कि विवाह के बाद रिश्ते बदलते नहीं, उनका स्वरूप बदलता है। बहन की प्राथमिकताएं बदल सकती हैं, लेकिन उसका भाई के प्रति प्रेम-स्नेह खत्म नहीं होता। उधर भाई की भी जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं, उसके पास समय का अभाव रहता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि बहन उसके लिए कम महत्वपूर्ण हो गई है। कई बार भाई-बहन के रिश्तों में दूरी इसलिए हो जाती है, क्योंकि किसी नाराजगी की वजह से दोनों बात करना बंद कर देते हैं। मन में एक शिकायत बैठ जाती है। कभी-कभी यह शिकायत लंबे समय तक बनी रहती है। भाई बहन में से कोई रिश्ते सुधारने के लिए पहल नहीं करता। रिश्ते किसी अदालत में जीते नहीं जाते, इन्हें दिल से बचाया जाता है।

किसी गलतफहमी को दूर करने के लिए एक फोन ही काफी हो सकता है। किसी नाराज भाई को मनाने के लिए बहन का एक मीठा-सा संदेश काफी हो सकता है। किसी रूठी बहन से भाई यदि केवल इतना कह दे, 'तू नाराज मत रह, तू तो मेरे लिए बहुत खास है' तो पलक झपकते उलझे रिश्ते सुलझ सकते हैं, सारी खटास दूर हो सकती है। भावभीने शब्दों में वो सामर्थ्य होती है, जो रिश्तों में व्याप्त होने वाली नीरसता और खटास को पल भर में दूर कर देते हैं।

समझें रक्षाबंधन का महत्व

रक्षाबंधन का पर्व हमें यह भी बताता है कि रक्षा केवल भाई का दायित्व नहीं है। बहन का भी दायित्व है कि वह अपने भाई की भावनात्मक ताकत बने। आज के बदलते समाज में भाई-बहन का रिश्ता एक दूसरे को सुरक्षा देते हुए परस्पर सहयोग से मजबूत बनता है। भाई-बहन यह ना भूलें कि उनका रिश्ता साझा बचपन की एक विरासत है, एक भरोसा है। राखी का धागा बहुत पतला होता है, लेकिन उसमें भावनाओं की बहुत गहरी ताकत होती है। वह कलाई पर कुछ दिनों तक रहता जरूर है, लेकिन उसका अर्थ जीवन भर साथ चलता है।

तो आइए इस रक्षाबंधन पर सभी भाई-बहन संकल्प लें कि हम अपने रिश्तों में कभी स्वार्थ नहीं लाएंगे, निरंतर संवाद बनाकर इसे बचाकर रखेंगे। धन-संपत्ति के लिए कभी अपने संबंधों को कमजोर नहीं होने देंगे। छोटी-छोटी बातों के लिए वर्षों नाराजगी नहीं रखेंगे। भाई-बहन केवल अधिकार नहीं, प्रेम भी जताएंगे। हमेशा नेह-बंधन में बंधे रहेंगे। यकीन मानिए इस सकारात्मक सोच से न केवल आपके रिश्ते में मधुरता आएगी, आपका जीवन भी खुशहाल होगा।

बचपन में जरूर रखें भाई-बहन के रिश्ते की नींव

बच्चे बचपन में जो सीखते हैं, वे अच्छे गुणों और संस्कारों की नींव होती है। भाई-बहनों के बीच जब बचपन में ही एक-दूसरे का ख्याल रखने की भावना होगी, शेयरिंग होगी तो आगे बड़े होने पर यही भावना रिश्तों को जोड़े रखने, गहरा बनाए रखने में सहायक होगी।

परवरिश / सरस्वती रमेश

भाई-बहन का रिश्ता दुनिया का सबसे प्यारा और अनोखा होता है। बचपन में दोनों के बीच जितना प्यार, अपनापन और साझेदारी बनती है, बड़े होने पर रिश्ते में उतनी ही गहरी आत्मीयता दिखाई देती है। इसलिए भाई-बहन के रिश्ते की मजबूत नींव बचपन में ही रखी जानी चाहिए। यह काम अभिभावक ही कर सकते हैं।

भाई-बहन को शेयर करना सिखाएं: माता-पिता बचपन से ही बच्चों को एक-दूसरे के साथ चीजें बांटना सिखाएं। बच्चों को समझाएं कि अपनी चीजें किसी के साथ बांटने से खुशी बढ़ती है। भाई-बहन एक-दूसरे को अपनी-अपनी चीजें खिलाएं, आपस में खिलौने बांटें, साथ खेलें और छोटे-छोटे कामों में एक-दूसरे का साथ दें। ये मामूली लगने वाली बातें उनके मन में साझेदारी और अपनत्व के बीज बोती हैं। धीरे-धीरे बांटना उनके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। दरअसल, बचपन में सीखी गई साझेदारी बड़े होने पर रिश्ते की गर्माहट बनकर साथ रहती है।

एक-दूसरे का ख्याल रखना सिखाएं: माता-पिता बच्चों को यह एहसास दें कि भाई को बहन की और बहन को भाई की फिक्र करनी चाहिए। परेशानी में एक-दूसरे का हाथ थामना और जरूरत के समय एक-दूसरे के साथ खड़ा होना ही रिश्ते को गहराई देता है। कहानियां और फिल्में भी बच्चों को इस भाव को समझाने का अच्छा माध्यम हो सकती हैं। ऐसी फिल्में, कहानियां बच्चों के मन में यह भाव पैदा कर सकती हैं कि मुश्किल समय में अपनों का साथ छोड़ना नहीं चाहिए, बल्कि उनका सहारा बनना चाहिए।

बहन के प्रति सम्मान का भाव बचपन से दें: भाई-बहन के बीच प्रेम जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है सम्मान। खासकर भाइयों के मन में बहनों के प्रति सम्मान का भाव एक दिन में पैदा नहीं होता। उसकी नींव बचपन से ही रखनी पड़ती है। बच्चों की परवरिश करते समय माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बेटे और बेटी के बीच किसी तरह का भेदभाव न हो। घर के कामों में भाई और बहन दोनों बराबर की जिम्मेदारी निभाएं। बाहर से सामान लाने, घर के छोटे-मोटे काम करने या परिवार की जिम्मेदारियों में भी दोनों की समान भागीदारी हो। इससे भाई के मन में यह धारणा नहीं बनेगी कि कुछ काम केवल बहनों के हैं और कुछ अधिकार केवल भाइयों के। वह अपनी बहन को अपने बराबर का समझना सीखेगा। जब भाई अपनी बहन को बराबरी का समझता है, उसकी इच्छाओं और निर्णयों का सम्मान करता है, तभी प्रेम के साथ रिश्ते में एक गहरी आत्मीयता जन्म लेती है। यही सम्मान आगे चलकर भाई-बहन के रिश्ते को उम्र भर सहेजे रखता है।

साथ निभाना सिखाएं: भाई-बहन का रिश्ता सचमुच अनमोल होता है। समय के साथ यह रिश्ता बदलता जरूर है, लेकिन अगर इसकी जड़ें बचपन में प्यार, विश्वास, साझेदारी और सम्मान से मजबूत की गई हों, तो उम्र के साथ इसकी मिठास कम नहीं होती, बल्कि और गहरी होती जाती है। हां, बड़े होने पर जिंदगी बदलती है। अपनी-अपनी जिम्मेदारियां, दूरियां, व्यस्तताएं और बदलती परिस्थितियां कई बार रिश्तों की गर्माहट को धीरे-धीरे सोखने लगती हैं। एक समय जो भाई-बहन दिनभर साथ रहते थे, वे बड़े होकर महीनों एक-दूसरे से मिल नहीं पाते। बातचीत भी कई बार औपचारिक होकर रह जाती है। ऐसे समय में बचपन में बोया गया प्रेम ही रिश्ते को बचाए रखता है। इसलिए आज के माता-पिता के लिए यह और भी जरूरी है कि वे बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा और सुविधाएं ही न दें, बल्कि एक-दूसरे का साथ निभाना भी सिखाएं।

भावनाएं / प्रस्तुतिः आरती सक्सेना

खुशियों की सौगात है मेरा प्यारा भाई

हर बहन के लिए उसका भाई बहुत प्यारा होता है। कुछ फिल्म-टीवी एक्ट्रेसेस और सिलिब्रिटीज सहेली को बता रही हैं, उनके भाई उनकी जिंदगी में क्या मायने रखते हैं, वे अपने भाई के साथ रक्षाबंधन का पर्व कैसे मनाती हैं? सहेली की पाठिकाओं को वे क्या मैसेज देना चाहेंगी?

अर्जुन हम बहनों को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव है

जाह्नवी कपूर एक्ट्रेस

पहले मैं और मेरी छोटी बहन खुशी हर रक्षाबंधन पर जब अपनी सखी-सहेलियों को अपने भाइयों को राखी बांधते देखती थीं, तो हम भाई के प्यार के लिए तरसते थे। उस दौरान हमें लगता था, काश! हमारा भी कोई भाई होता, जिसे हम रक्षाबंधन पर टीका लगाते, राखी बांधते। वैसे बचपन से ही अर्जुन कपूर हमारा फेवरेट था, लेकिन कभी हमारी हिम्मत नहीं हुई कि हम उसको राखी बांधने के बारे में बोलें। हम दोनों बहनों की ही बहुत ज्यादा इच्छा थी, हम अपने भाई अर्जुन को राखी बांधें, लेकिन यह हमारे लिए एक सपना-सा था। मेरी मां की डेथ के बाद अर्जुन के साथ हमारे रिश्ते में एक नया मोड़ आया। उस नाजुक वक्त में हमें संभालने वाला अर्जुन ही था। हमें मेंटली सपोर्ट करके अर्जुन ने हमारा इतना साथ दिया कि एक समय के लिए हमें ऐसा लगा, जैसे हमारी मां ने ही उसको हमारे लिए भेजा है। अर्जुन के जैसा प्यारा भाई पाना मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी थी। वह हम तीनों बहनों-अंशुला, खुशी और मुझे लेकर बहुत प्रोटेक्टिव है। वह हमेशा हमारा बहुत ध्यान रखता है। अर्जुन के हमारी जिंदगी में आने के बाद रक्षाबंधन हमारे लिए खुशियों से भरा फेस्टिवल हो गया है। हम सभी रक्षाबंधन के दिन एक साथ मिलकर पूरे रीति-रिवाज के साथ इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। हर साल मैं रक्षाबंधन के लिए स्पेशली एक खूबसूरत ट्रेडिशनल ड्रेस खरीदती हूं। इसे पहन कर अर्जुन को राखी बांधती हूं , टीका करके मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन को पूरे जोश के साथ मनाती हूं। इस साल भी हम भाई-बहन मिलकर रक्षाबंधन का त्योहार, पूरे उत्साह के साथ मनाएंगे। रक्षाबंधन के अवसर पर 'सहेली' की अपनी सहेलियों से मैं यही कहना चाहूंगी कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के रिश्ते का सबसे खूबसूरत त्योहार है, इसे जरूर धूमधाम से मनाएं। अपने भाइयों के लिए दुआएं करें।



इब्राहिम और मेरे बीच दोस्ती वाली बॉन्डिंग है

सारा अली खान एक्ट्रेस

मेरा भाई इब्राहिम अली खान मुझसे पांच साल छोटा है, लेकिन वह मेरे साथ ऐसी दादागिरी दिखाता है, जैसे वह मुझसे पांच साल बड़ा हो। इब्राहिम और मेरे बीच दोस्ती वाली बॉन्डिंग है। हमारे बीच कई बार छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा भी हो जाता है। इब्राहिम मुझे लेकर पजेसिव और प्रोटेक्टिव दोनों है। मुझे परेशान देखकर वह बहुत परेशान हो जाता है। मुझे टेंशन से बाहर निकालने की हर संभव कोशिश करता है। इब्राहिम और मैं भाई-बहन से भी ज्यादा दोस्त हैं। हमने साथ में रैंप वॉक की है। हम साथ में पार्टी भी करते हैं। गेम्स खेलने जाते हैं। अपने कॉमन दोस्तों के साथ भी हम खूब एंज्वॉय करते हैं। इब्राहिम मुझे बहुत चाहता है, लेकिन वह कभी भी यह शो नहीं करता। मैं भी अपने भाई से बहुत ज्यादा प्यार करती हूं। मैं तो उसको तंग कर-करके अपना प्यार जता भी देती हूं। इब्राहिम और मुझे दोनों को ही रक्षाबंधन का त्योहार बहुत अच्छा लगता है। हम इस त्योहार को ट्रेडिशनल रूप में मानते हैं। इब्राहिम से मैं हर साल रक्षाबंधन का गिफ्ट जरूर लेती हूं, क्योंकि यह मेरा हक है। इब्राहिम कभी भी मुझे रक्षाबंधन का गिफ्ट देना नहीं भूलता है। मैं जिस तरह अपने भाई के साथ रक्षाबंधन का त्योहार पूरे रीति-रिवाज से मनाती हूं, वैसे ही 'सहेली' की मेरी सहेलियां भी यह त्योहार अपने भाई के साथ धूमधाम से मनाएं।

डेकोरेशन / निधि गोयल

इस तरह सजाएं रक्षाबंधन वाली थाली

रक्षाबंधन के अवसर पर जब आप राखी, अक्षत, मिठाई वाली थाली को सजाती हैं तो उसमें आपका अपने भाई के लिए प्यार तो नजर आता ही है, साथ ही यह भी पता चलता है कि आप कितनी क्रिएटिव हैं? आप अपनी पसंद के अनुसार राखी वाली थाली को डिफरेंट तरीकों से सजा सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ सजावटी सामग्री की जरूरत पड़ेगी। आपको यहां थाली सजाने के कुछ बिल्कुल यूनीक आइडियाज बता रहे हैं।

फ्लोरल थीम थालीः अगर आप इस थीम से अपनी राखी वाली थाली को सजाना चाहती हैं तो सबसे पहले साफ थाली में लाल, पीले या सफेद रंग का कपड़ा बिछाएं। थाली के किनारों पर गेंदा और गुलाब की पंखुड़ियां गोलाकार में सजाएं। साथ ही पत्तियों का इस्तेमाल आप थाली के बीच में भी कर सकती हैं। अगर आपको थाली में दीपक रखना है तो उसे रखकर चारों तरफ फूलों से और पत्तियों से वृत्ताकार डिजाइन बना दें।

कुंदन-मिरर वर्क थालीः अगर आपको थाली को ट्रेंडी लुक देना है, तो इसके लिए थाली को कुंदन और मिरर से सजाएं। इसके लिए सबसे पहले थाली पर एक सुंदर-सा कपड़ा या पेपर बिछाएं। फिर उसमें किनारे पर कुंदन और मिरर को किनारे-किनारे चिपकाते जाएं। एक लाइन कुंदन की फिर एक लाइन मिरर की लगाएं। इस तरह पूरी थाली पर लगे हुए ये कुंदन और मिरर बेहद सुंदर नजर आएंगे।

हैंड-पेंटेड मंडला थालीः इस थीम में थाली सजाने के लिए थाली को अच्छी तरह साफ करके सुखा लें। फिर उस पर एक सॉलिड बेस कलर (जैसे मैरून, नेवी ब्लू, व्हाइट या ब्लैक) पेंट करें और सूखने दें। इसके बाद पेंसिल से बीच का सेंटर पॉइंट मार्क करें। साथ ही गोल-गोल लेयर बनाते हुए डॉट्स, पंखुड़ियां, पत्तियां और ज्यामितीय पैटर्न बनाएं। फिर इसके बाद गोल्डन और व्हाइट रंग से बॉर्डर हाइलाइट करें ताकि डिजाइन उभरकर दिखे। थाली के बॉर्डर पर छोटे-छोटे डॉट्स, बेल-पत्तियां या फ्लोरल पैटर्न बनाएं। अगर आपको और भी अट्रैक्टिव लुक चाहिए तो थाली के किनारों पर कुंदन, मोती या मिरर चिपका सकती हैं।

गोटा पट्टी से सजाएंः अगर आपको थाली को राजस्थानी लुक देना है तो इसके लिए थाली को गोटा पट्टी से सजाएं। सबसे पहले थाली के इनर बेस पर चुनरी के प्रिंट का कपड़ा लेकर अच्छी तरह चिपका दें। फिर उस पर गोटा पट्टी से थाली के बॉर्डर को सजाएं। इसमें मिरर और स्टोन का भी आप इस्तेमाल करके थाली को और भी अट्रैक्टिव बना सकती हैं। गोटे का इस्तेमाल आप थाली के बीच में डिजाइन डालने के लिए भी कर सकती है।

ट्रेंड/ नैंसी गुप्ता

फेस्टिव ऑकेजन पर अगर आप ट्रेंडी-डिजाइनर ज्वेलरी कैरी करेंगी तो आपका लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव नजर आएगा। यहां हम बता रहे हैं, कुछ डिजाइनर ज्वेलरीज के बारे में।

कैरी करें डिजाइनर ज्वेलरी आपको मिलेगा फेस्टिव लुक

आपने चाहे कोई ट्रेडिशनल ड्रेस पहनी हो या मॉडर्न ड्रेस, सही ज्वेलरी पूरे लुक को नया डायमेंशन दे सकती है। कई बार सिंपल ड्रेस भी आकर्षक ज्वेलरी के साथ बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिखाई देने लगते हैं। वहीं, मिसमैच ज्वेलरी का चयन अच्छे से अच्छे आउटफिट का लुक कम कर सकता है। यही कारण है कि फैशन एक्सपर्ट हमेशा ज्वेलरी को स्टाइलिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। सही ज्वेलरी केवल सुंदरता नहीं बढ़ाती, बल्कि पर्सनालिटी को भी निखारती है। यदि ज्वेलरी का चयन सोच-समझकर किया जाए, तो यह किसी भी लुक को बेहद खास और प्रभावशाली बना सकती है।

आउटफिट को बनाए अट्रैक्टिवः कई बार महिलाएं अपनी ड्रेसेस पर तो काफी ध्यान देती हैं, लेकिन ज्वेलरी को नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि सही ज्वेलरी साधारण से साधारण आउटफिट को भी आकर्षक बना सकती हैं। उदाहरण के लिए, एक सादे कुर्ते के साथ ऑक्सीडाइज्ड झुमके या एक सिंपल ब्लैक ड्रेस के साथ स्टेटमेंट नेकलेस पूरे लुक को नया अंदाज दे सकते हैं। ये आजकल ट्रेंड में भी हैं।

फेस ब्यूटी को उभारती हैः ज्वेलरी का सबसे बड़ा प्रभाव चेहरे पर दिखाई देता है। सही आकार और डिजाइन के ईयर रिंग्स, चेहरे की विशेषताओं को उभारते हैं और चेहरे को अधिक संतुलित दिखाते हैं। लंबे चेहरे पर चौड़े डिजाइन वाले झुमके अच्छे लगते हैं, जबकि गोल चेहरे पर लंबे ईयर रिंग्स अधिक आकर्षक दिखाई देते हैं। सही चयन चेहरे की नेचुरल ब्यूटी को और बढ़ा देता है।

पर्सनालिटी को देती है पहचानः हर व्यक्ति की अपनी एक अलग स्टाइल और पसंद होती है। ज्वेलरी उस पर्सनालिटी को प्रदर्शित करने का एक शानदार माध्यम है। कुछ महिलाएं हल्की और मिनिमल ज्वेलरी पसंद करती हैं, जबकि कुछ बोल्ड और स्टेटमेंट डिजाइनों को चुनती हैं। ज्वेलरी का चुनाव हमेशा अपनी पर्सनालिटी और कंफर्ट के अनुसार करना चाहिए।

ऑकेजन को करती है जस्टिफाईः हर अवसर की अपनी अलग मांग होती है। ऑफिस या रोजमर्रा के लिए हल्की और सादगीपूर्ण ज्वेलरी उपयुक्त रहती है, जबकि शादी, त्योहार और विशेष आयोजनों में कुंदन, पोल्की, टेंपल ज्वेलरी या डायमंड सेट विशेष आकर्षण जोड़ते हैं। अवसर के अनुसार चुनी गई ज्वेलरी न केवल लुक को बेहतर बनाती है, बल्कि आपकी स्टाइल सेंस को भी दर्शाती है।

ट्रेंड-क्लासिक का संतुलन है जरूरीः आजकल फैशन की दुनिया में नए-नए ट्रेंड्स लगातार सामने आते रहते हैं। हालांकि हर ट्रेंड हर महिला पर अच्छा लगे, यह जरूरी नहीं है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ट्रेंड्स को अपनाने के साथ-साथ कुछ क्लासिक डिजाइनों को भी अपनी कलेक्शन का हिस्सा बनाना चाहिए। मोती, डायमंड स्टड, गोल्ड चेन और पारंपरिक झुमके ऐसे विकल्प हैं, जो फैशन से बाहर नहीं होते।

मिनिमल ज्वेलरी का मैक्सिमम इफेक्टः बहुत सी महिलाएं मानती हैं कि अधिक ज्वेलरी पहनने से लुक बेहतर बनता है, लेकिन वास्तव में ऐसा हमेशा नहीं होता। कई बार कम और संतुलित ज्वेलरी अधिक प्रभावशाली दिखाई देती है। यदि आपने बड़ा नेकलेस पहना है, तो ईयर रिंग्स हल्के पहनें। वहीं बड़े झुमकों के साथ भारी नेकलेस पहनने से लुक ओवरडन लग सकता है।

(फैशन-ज्वेलरी एक्सपर्ट खुशबू तलवार से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

महिला विकास निगम मना रहा उद्यमिता पखवाड़ा

रेवाड़ी। हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से प्रदेश भर में महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनमें उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 5 सितंबर तक 15 दिवसीय उद्यमिता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक राज कुमार ने बताया कि इस 15 दिवसीय पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व युवाओं को स्वरोजगार के अवसर, सरकारी योजनाओं तथा वित्तीय सहायता की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष कैंप और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

महिला कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

नारनौल। राजकीय महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में सेबी प्रशिक्षक रमन शर्मा ने निवेश की उपयोगिता, अल्प बचत तथा विभिन्न विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्रओं को दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने की। कार्यक्रम के व्याख्यान छात्रों के लिए लाभप्रद रहे। इस मौके पर वाणिज्य विभाग से डॉ. पारूल गुप्ता, डॉ. मनमीत कौर, डॉ. पूनम कुमारी, पूजा बत्रा, प्रवीण कुमार, स्वीटी गोयल, डॉ. अश्वनी भारद्वाज, डॉ. नीलम यादव मौजूद थी।

ट्रेन की चपेट से पुलिस जवान की जान गई

नारनौल। न्यू अटेली स्टेशन के नजदीक डीएफसी लाइनों पर मालगाड़ी की चपेट में आने से मध्य रात्रि को एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान रेवाड़ी जिला के गांव झाल निवासी करीब 36 वर्षीय प्रीत्तम सिंह के रूप में हुई है। प्रीत्तम रेलवे पुलिस स्पेशल फोर्स (आरपीएसएफ) का जवान था और वह हुगली में पोस्टेड था। सूचना मिलने पर नारनौल से जीआरपी घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां परिजनों के आने उपरांत आवश्यक कार्रवाई की गई और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव बिहाली निवासी करीब 53 वर्षीय दयाराम मिस्त्री की खेत में बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दयाराम खेती-बाड़ी का कार्य करते थे। सोमवार दोपहर बाद वह अपने खेत में बाजरे की फसल की सिंचाई के लिए पाइप लाइन लगा रहे थे। इसी दौरान लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से दयाराम गंभीर रूप से अचेत हो गए।

आसपास मौजूद किसानों ने उन्हें तुरंत अटेली के सामान्य अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अटेली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नारनौल नागरिक अस्पताल भिजवा दिया।

ब्रेजा की टक्कर से स्कूटी सवार की जान गई

नारनौल। मेडिकल कॉलेज कोरियावास रोड पर सवेरे स्कूटी एवं ब्रेजा की की आमने-सामने की हुई टक्कर में स्कूटी सवार करीब 33 वर्षीय सुरेंद्र कुमार वासी गांव कोरियावास की मौत हो गई। सुरेंद्र ने नारनौल शहर में दुकान की हुई है और वह सवेरे तैयार होकर अपने काम से दुकान पर जा रहा था। जब वह मेडिकल कॉलेज मार्ग पर था, तब सामने से आ रही ब्रेजा एवं स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। इस टक्कर में सुरेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के ताऊ बाबूलाल ने बताया कि ब्रेजा गाड़ी मेडिकल कॉलेज स्टॉफ की बताई जा रही। पुलिस ने शव का सरकारी अस्पताल से पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूली नेटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

रेवाड़ी के छोरे भी नेटबॉल में छाए, सिरसा हिसार व कुरुक्षेत्र को हराकर जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी

जिले में चल रही तीन दिवसीय 59वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली नेटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कियों के बाद रेवाड़ी की लड़कों की टीम ने भी ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। ब्वायज की टीम ने अंडर-14 में सिरसा, अंडर-17 में हिसार और अंडर-19 में कुरुक्षेत्र की टीमों को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने विजेता टीमों का बधाई दी। तीन दिवसीय नेटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 22 जिलों के करीब 1550 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा के जौहर दिखाएं। विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डिप्टी डीईओ राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान प्रदेशभर से आई टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय देते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रेवाड़ी। नेटबॉल की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

रेवाड़ी। सोमवार को हुए मुकाबलों में खेलते खिलाड़ी।

ये रहे समापन समारोह में मौजूद

इस अवसर पर एईओ भूपेंद्र सिंह, एईओ सुनील कुमार, कोच चरण सिंह, डीपीई सतपाल, रविंद्र, संजय, प्रदीप, सुखबीर, जयसिंह, जयपाल, शिवाली, पूनम, सुनीता, सुमन, रेखा, शशीबाला, सतीश और अनिल सहित अन्य अधिकारी एवं खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

सोमवार को हुए नेटबॉल मुकाबलों के अंडर-14 आयु वर्ग में रेवाड़ी की टीम ने प्रथम, सिरसा ने द्वितीय व झज्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयु वर्ग में रेवाड़ी की टीम ने प्रथम, हिसार ने द्वितीय व कुरुक्षेत्र ने ततीय स्थान प्राप्त किया, वही अंडर-19 आयु वर्ग में रेवाड़ी की टीम ने पहला, कुरक्षेत्र ने दूसरा व रोहतक की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

रेवाड़ी। सोमवार को हुए मैच में गोल करते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हर क्षेत्र में कुशल व्यक्ति ही अपनी पहचान बना सकता: प्रो. रश्मि पुंडीर

- आईजीयू मीरपुर के अंग्रेजी विभाग द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से सोमवार को एमए अंग्रेजी के नए शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. रश्मि पुंडीर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की, जबकि अध्यक्षता अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. रोमिका बत्रा ने की। इस मौके पर प्रो. रश्मि पुंडीर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन बेहद अमूल्य है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर अपने व्यक्तित्व और सर्वांगीण विकास के लिए सह-शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन, इच्छाशक्ति और अनुशासित प्रयासों के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में हर क्षेत्र में कुशल व्यक्ति ही अपनी पहचान बना सकता है, इसलिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रदान किए जा रहे अवसरों का लाभ उठाकर नए कौशल सीखने चाहिए।

दिलाई शपथ

विभागाध्यक्ष प्रो. रोमिका बत्रा ने विभाग की शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। प्रो. निखिलेश यादव एवं डा. बिजेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति के तहत तैयार किए गए सिलेबस की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में रैगिंग न करने, नशा न करने तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर शोधार्थी ज्योति, प्रीति व रोहित सहित विभाग के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विश्व बंधुत्व महाअभियान के तहत लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी

दादी प्रकाशमणि की पुण्य जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को सेक्टर-4 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सेंटर में विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए रक्तदान किया। वहीं रक्षाबंधन के अवसर पर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और आपसी प्रेम, सद्भाव व भाईचारे का संदेश भी दिया गया। सेंटर संचालिका बीके बृजेश कुमारी ने कहा कि रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद को दिया गया रक्त किसी का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भी हमें प्रेम, विश्वास, सुरक्षा और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे अवसर पर रक्तदान जैसे सेवा कार्य का आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाता है।

रेवाड़ी। शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता। फोटो: हरिभूमि

खेल अनुशासन, टीम भावना व चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम: विनोद कुमार

- गवर्नमेंट ब्वायज स्कूल के खेल मैदान में चार नर्सरियों के बीच हुआ फ्रेंडली फुटबॉल मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में फुटबॉल के फ्रेंडली मैचों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार टीम राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी की नर्सरी, स्टेडियम की नर्सरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोल की नर्सरी तथा बालावास जाट गांव की नर्सरी की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य विनोद यादव एवं शिक्षाविद् मनोज वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन की अगुवाई नर्सरी कोच जसवंत सिंह एवं एडवोकेट नवीन जांगड़ा ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्राचार्य विनोद यादव ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। हमारे विद्यालय के मैदान से ही भविष्य के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। बच्चों में जो प्रतिभा और जोश है, वह काबिले-तारीफ है। विद्यालय प्रशासन की ओर से खेल नर्सरियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और मंच मिल सकें। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् मनोज वशिष्ठ ने कहा कि ग्रामीण आंचल की इन फुटबॉल नर्सरियों ने बहुत कम समय में जो मुकाम हासिल किया है, वह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। कोच जसवंत सिंह और नवीन जांगड़ा जैसे युवा जिस समर्पण से बच्चों को तराश रहे हैं, वह अभिनंदनीय है।

रेवाड़ी। खिलाड़ियों से परिचय करते हुए अतिथि। फोटो: हरिभूमि

रेवाड़ी। लोगों की शिकायतें सुनते हुए सीटीएम। फोटो: हरिभूमि

शिविर में अवैध कब्जे व सीवरेज की शिकायतों पर हुई सुनवाई

रेवाड़ी। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम जितेंद्र कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निवारण करवाने के निर्देश दिए। सीटीएम ने कहा कि जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर जनसुनवाई का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में अवैध कब्जे, रास्ते का निर्माण, सीवरेज, पुलिस, परिवार पहचान पत्र, पेंशन व बिजली संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई।

आरपीएस ने जीती इंटरनेशनल रोलिंग ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी

आरपीएस पब्लिक स्कूल ने नई दिल्ली यूथ समिट में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित ओवरऑल इंटरनेशनल रोलिंग ट्रॉफी अपने नाम की है। यह देश के सबसे बड़े युवा सम्मेलनों में से एक है, जिसका आयोजन सोशल हाउस लर्निंग के सीईओ व फाउंडर साहिल चोपड़ा तथाको फाउंडर मयंक वीरवानी की ओर से किया गया। सम्मेलन में देश के 25 शहरों से 3000 से अधिक युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभा, बुद्धिमत्ता और रचनात्मकता से भरपूर राष्ट्रीय मंच पर आरपीएस के 39 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मॉडन यूनाईटेड नेशंस, आईपीएल आक्शन और बीट ब्रेआउट जैसी अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पलाक्षी ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए ऑनरेबल मेंशन प्राप्त किया, जबकि हिमानी, भाग्यश्री और नंदिनी ने अपनी प्रभावशाली एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए वर्बल मेंशन हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव ने विद्यार्थियों और उनके मार्गदर्शकों की मेहनत, समर्पण एवं आत्मविश्वास की सराहना की।

रेवाड़ी। विजेता ट्रॉफी के साथ आरपीएस की टीम। फोटो: हरिभूमि

रेवाड़ी। कार्यक्रम में कलश को अपने सिर पर धारण करते मंत्री। फोटो: हरिभूमि

गुरु रविदास की पवित्र मिट्टी पहुंची गांवों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेवाड़ी

संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर सोमवार को खोरी मंडल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गुरु रविदास की जन्मस्थली से लाई गई पवित्र मिट्टी को खोरी मंडल के प्रत्येक गांव तक पहुंचाने के पावन संकल्प के तहत आयोजित यात्रा में श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाड़ावास रोड स्थित बारा भूतेश्वर महादेव पत्थर मंदिर के गेट से शुरू हुई कलश यात्रा मंदिर परिसर तक पहुंची। इस दौरान हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ पवित्र कलश को अपने सिर पर धारण किया और मंदिर परिसर में विधिवत स्थापित किया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, कोसली विधायक अनिल यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल, जिला अध्यक्ष वंदना पोपली व कार्यक्रम संयोजक नरेश सरपंच उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि संत रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं सामाजिक समानता, भाईचारे और समरसता की प्रेरणा देती हैं। उनकी जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी को गांव-गांव तक पहुंचाना उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का पावन प्रयास है।

व्याख्यान तकनीक के सुरक्षित इस्तेमाल को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

आज के डिजिटल युग में तकनीक का सही ज्ञान और सुरक्षा ही सच्चा सशक्तीकरण: डॉ. मिगलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र की ओर से छात्राओं के लिए डिजिटल साक्षरता से साइबर सुरक्षा: महिलाओं के अधिकार एवं सुरक्षा विषय पर एक विशेष जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। केंद्र की निदेशक डॉ. मंजु पुरी के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में तकनीक का सही ज्ञान और सुरक्षा ही सच्चा सशक्तीकरण है। जब हमारी छात्राएं डिजिटल रूप से सुरक्षित और जागरूक होंगी, तभी वे बिना किसी भय के अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग कर सकेंगी। उन्होंने दोहराया कि विश्वविद्यालय का महिला अध्ययन केंद्र छात्राओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। डा. मंजु पुरी ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रेवाड़ी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

साइबर ठगी होने पर तुरंत कराएं शिकायत दर्ज

मुख्य वक्ता प्रो. सविता श्योराण ने संवादात्मक शैली में छात्राओं को फाइनेंशियल फ्रॉड, ओटीपी स्कैम, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर खतरों की जानकारी दी। उन्होंने व्यावहारिक एवं लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से छात्राओं को टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन सक्रिय करने, मजबूत पासवर्ड बनाने और प्राइवेसी सेटिंग्स की जांच करने का अभ्यास कराया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर घबराने या चुप रहने के बजाय समय पर शिकायत दर्ज कराएं और साक्ष्य सुरक्षित रखें। डॉ. कमलेश ने मुख्य वक्ता, समिति सदस्यों, हॉस्टल प्रशासन एवं छात्राओं का धन्यवाद किया।

सरपंच, ग्राम पंचायत, रोझूवास
ब्लॉक जाटूसाना जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
बोली सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोझूवास में दिनांक 31.08.2026 को कोरवाली मंदिर जोहड़, भैयावाला जोहड़ व दादी माँ मंदिर बनी वाला जोहड़ में मत्स्य पालन हेतू खूली बोली प्रातः 10 बजे एससी चौपाल में लगाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त तिथि, समय व स्थान पर हाजिर होकर बोली लगाने के लिए आमंत्रित है। बोली की सभी शर्तें व नियम मौके पर सुनाकर व पढ़ा की जाएंगी।
हस्ता/- धीरपाल, सरपंच, ग्राम पंचायत रोझूवास, ब्लाक जाटूसाना (रेवाड़ी), मो. 8053390626

ओवरलोड ट्रेलर और रॉन्ग-साइड ड्राइविंग बन रही जाम का कारण

एनएच-48 पर धारूहेड़ा में लगता जाम बना आफत

सुबह-शाम स्थित हो रही ज्यादा खराब

प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धारूहेड़ा के आसपास रोजाना सुबह और शाम लगने वाले भीषण जाम की समस्या गंभरीर होती जा रही है। जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने सोमवार को समस्या को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, एसीएस, परिवहन विभाग के निदेशक, आरटीए तथा ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि धारूहेड़ा से गुरुग्राम और दिल्ली की ओर जाने वाले हजारों कर्मचारी, विद्यार्थी और अन्य नागरिकों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड रहा है। विशेष रूप से सुबह 7 से 9 बजे तक यातायात का दबाव बेहद अधिक रहता है। शाम के समय भी स्थिति कई बार गंभीर हो जाती है।

रेवाड़ी। एनएच-48 पर लगा भारी वाहनों का जाम, फंसी स्कूल बस व खड़े लोग। *फोटो : हरिभूमि*

ओवरलोड ट्रेलरों पर उठाए सवाल

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एनएच-48 पर जयपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी एवं ओवरलोड ट्रेलर, डंपर और अन्य वाणिज्यिक वाहन पीक आवर्स में बड़ी संख्या में चलते हैं। इन वाहनों के कारण यातायात की गति प्रभावित होती है और जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि ओवरलोड वाहनों की जांच और कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियां मौजूद हैं, तो फिर ये वाहन धड़ल्ले से सड़क पर कैसे दौड़ रहे हैं।

नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने की मांग

शिकायत में मांग की गई है कि धारूहेड़ा में सुबह और शाम के पीक आवर्स के दौरान भारी वाहनों के लिए समयबद्ध नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने की संभावना पर गंभीरता से विचार किया जाए। इसके अलावा पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, आरटीए और एनएचएआई की संयुक्त टीम बनाकर विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही पिछले छह महीनों में धारूहेड़ा क्षेत्र में ओवरलोडिंग और रॉन्ग-साइड ड्राइविंग के खिलाफ जारी चालान, जब्त वाहनों और वसूल किए गए जुमार्ने का रिकॉर्ड भी मांगा गया है।

रॉन्ग-साइड ड्राइविंग भी बड़ा खतरा

जाम के दौरान वाहन चालकों की रॉन्ग-साइड चलने की समस्या भी काफी गंभीर है। आरोप है कि जाम से बचने के लिए कई वाहन चालक गलत दिशा में वाहन दौड़ाते हैं, जिससे आम वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है और यातायात व्यवस्था और बिगड़ जाती है।

सिर्फ चालान नहीं स्थाई समाधान करें

प्रकाश खरखड़ा ने कहा कि यह केवल यातायात जाम का मामला नहीं है, बल्कि हजारों लोगों की सुरक्षा, समय और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। उन्होंने अधिकारियों से महज औपचारिक कार्रवाई के बजाय एनएच-48 पर धारूहेड़ा क्षेत्र के लिए स्थाई ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने तथा जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

रेवाड़ी। एकादशी पर सजी श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा तथा श्याम संकीर्तन में भजन गाते हुए गायक अनंत मिश्रा।

'तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना मुश्किल में है दास... अब जल्दी आओ ना'

- नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में देर रात्रि एकादशी पर हुआ श्याम संकीर्तन, गायक कलाकारों ने सुनाए अनेक भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में रविवार रात्रि पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 132वें संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में बरेली से भजन गायक अनंत मिश्रा व अपर्णा मिश्रा तथा गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा ने मनमोहक भजनों से समां बांधा। एकादशी पर ग्रुप के सदस्यों ने बाबा का मनमोहक श्रृंगार कराया। बाबा की ज्योत प्रज्जवलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। श्याम बाबा के संकीर्तन में श्रृद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते नजर आए। सोमवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मनमोहक भजनों से किया बाबा का गुणगान

एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी व हनुमान जी की वंदना से संकीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद बरेली से गायक अनंत मिश्रा ने 'दिल दिवाना हो गया, सावरी सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया' व 'तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, मुश्किल में है दास तेरा अब जल्दी आओ ना' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। वही गायिका अर्पणा मिश्रा ने 'वो तो लाल लंगोटे वाला है, मां अंजनी का लाला है' व 'श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, तेरा ही भरोसा है तेरा ही सहारा है' सहित अनेक भजन सुनाए।

ये रहे मौजूद

श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, अमित अग्रवाल, मनीष सचदेवा, भूपेन्द्र गुप्ता, अनिल मखीजा, पुरुषोत्तम, संजय सहगल, मयूर गोयल, कुशल गोयल, नवीन शर्मा, सोनिया, मीनाक्षी, आरती, हिना व कविता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु मौजूद थे।

इच्छापूर्ण चोलेवाले हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 29 को

रेवाड़ी। सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 29 अगस्त शनिवार को 37वें सुंदरकांड पाठ, भंडारा व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने बताया कि सुंदरकांड पाठ शाम 5 बजे शुरू होगा तथा 7:30 बजे से भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

कार्यक्रम में भजन गायक गोपाल वर्मा रेवाड़ी मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर के संस्थापक भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में भक्तों के सहयोग से प्रति माह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा श्रृद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

न्यूज डायरी

महाकाल मंदिर के बाहर टूटे नाले के ढक्कन, लोगों को हादसा होने का डर

रेवाड़ी। शहर के कालाका रोड स्थित महाकाल मंदिर के बाहर नाले के ढक्कन टूटे होने के कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को हादसे का डर सता रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। शहर निवासी पंकज प्रजापति ने बताया कि कालाका रोड पर कई स्थानों पर नाले टूटे हुए हैं और कुछ जगह खुले पड़े हैं। इन नालों में गिरकर कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। सुबह-शाम के समय महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है, ऐसे में टूटे और खुले नाले किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नाले के टूटे ढक्कनों को बदलने की मांग की है।

पुलिस ने अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

रेवाड़ी। पुलिस के जवानों ने सोमवार को साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस के जवानों ने अपने कार्यस्थल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए थाना, चौकियों व पुलिस लाइन में श्रमदान किया। सभी प्रभारियों व कर्मचारियों ने तन-मन से भाग लिया और श्रमदान के महत्व को समझा। इस सफाई अभियान में महिला पुलिस कर्मचारियों ने भी बढ़चढ़कर भाग लिया। पुलिस के जवानों ने पुलिस लाइन के मैदान व पार्क के अलावा सभी थाना व चौकी में कचरे का निस्तारण किया। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्रमदान स्वेच्छा से जुड़ा हुआ कार्य है, जिस वातावरण में हम रहते हैं, उसका सीधा असर हमारी मानसिक व शारीरिक स्थिति पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। श्रमदान की गतिविधियां लोगों को स्वच्छ वातावरण में रहने के लिए प्रेरित करती हैं।

पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में प्रियांशी व ईशाना ने मारी बाजी

रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को लीगल लिटरेसी सेल के तत्वावधान में कानूनी एवं सामाजिक मुद्दों पर पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में विधिक जागरूकता पैदा करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा पोस्टर के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, बाल श्रम तथा साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में डा. राजेश कुमारी, डा. स्वाति व डा. पूनम पूनिया ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। लीगल लिटरेसी सेल की प्रभारी डा. शर्मिला यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में लीगल लिटरेसी सेल के सभी सदस्यों के साथ पवन तंवर, डा. मनीशा व रक्षा का योगदान रहा। प्रतियोगिता में बीएससी फर्स्ट ईयर से प्रियांशी व बीएससी फाइनल से ईशाना ने प्रथम, बीएससी प्रथम वर्ष से टीना यादव ने द्वितीय व बीएससी प्रथम वर्ष से देविका ने तृतीय पोजीशन प्राप्त की।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

सोमवार को शिवालयों में गूंजा भोले का जयकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

देवों के देव महादेव का प्रिय महीने सावन का 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर समापन होगा। सावन माह के आखिरी सोमवार को शिवभक्तों ने शहर के घंटेश्वर महादेव मंदिर, नई अनाजमंडी शिव मंदिर, सोलहराही भूतेश्वर महादेव मंदिर, बारा पत्थर भूतेश्वर महादेव मंदिर, कालाका रोड स्थित महाकाल मंदिर व शिव चौक स्थित जिले के सभी मंदिरों में पूरे श्रद्धाभाव से महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने मंगलकामना के लिए व्रत भी रखा। मान्यता है कि सावन के सोमवार का व्रत रखने और पूजा करने से जीवन की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। कहा जाता है कि भगवान शिव ने भी सावन माह के बारे में कहा है कि मेरे तीनों नेत्रों में सूर्य दाहिने, चंद्र बाएं और मध्य में अग्नि का वास है। जब सूर्य कर्क राशि में गोचर करता है तब सावन माह की शुरूआत होती है। सावन माह में खूब बारिश होती है, जिससे लोक कल्याण के लिए विष का सेवन करने वाले महादेव को ठंडक व सुकून मिलता है। मंदिरों व शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिरों में हर-हर महादेव का जयकारा गूंजायमान रहा।

श्रावण मास में पूजा का विशेष विधान

आचार्य अजय शास्त्री ने कहा कि सोमवार का व्रत रखकर महादेव की पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों पर भोलेनाथ की विशेष कृपा बरसती है। श्रावण के सोमवार को व्रत रखकर महादेव की पूजा करने का श्रावण मास में विशेष विधान है। यदि महादेव से मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की जाए, तो भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूरी करते हैं। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धूप, नैवैद्य, गंगाजल, भांग, धतूरा, दूध, दही व धूप-दीप से विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में सावन माह केआखिरी सोमवार पर भक्तों का तांता लगा रहा।

गोवंश की समस्या को लेकर लोगों में रोष, अभी भी नहीं सुधर रहे हालात

रेवाड़ी। ऑल इंडिया एंटी क्राइम एसोसिएशन की बैठक रामपुरा मोड़ स्थित कार्यालय में संगठन के संरक्षक श्रीकिशन डहीना वाले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर में घूमते गोवंश की समस्या को लेकर चर्चा की गई तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष उग्रसेन अग्रवाल ने एसोसिएशन की टीम के साथ शहर का दौरा किया। इस दौरान कई जगी गोवंश का झुंड कचरे में मुंह मारता पाया गया। उन्होंने कहा कि गोवंश के हमले से पिछले दिनों हुई लोगों की मौत के बावजूद भी शहर में स्थिति जस की तस बनी हुई है। आमजन की स्थिति खराब है और जिला प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। सड़कों से अभी तक गोवंश नहीं हटाए गए है, सिर्फ पशुपालकों पर केस करना काफी नहीं है। ठेकेदार और अधिकारियों पर भी केस होना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शेर सिंह वर्मा ने कहा कि गोवंश की समस्या को लेकर आने वाली 5 सितंबर को नागरिक प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. सुभाष यादव, चीफ सेक्रेटरी सुंदर मुद्गल, राजेश वर्मा, विनोद गुप्ता व उदय सिंह यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

आईजीयू के रसायन विज्ञान विभाग में नव-प्रवेशित छात्रों का किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में बीएससी एवं एमएससी के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम मिलन 6.0 का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के आधिकारिक कुलगीत के साथ किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. करन सिंह ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में रसायन विज्ञान के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सहायक प्रोफेसर डा. मीनाक्षी ने छात्रों को इंडक्शन कार्यक्रम के उद्देश्यों और औचित्य की जानकारी दी। सहायक प्रोफेसर कर्मवती यादव ने विश्वविद्यालय परिसर व गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय दिया। सहायक प्रोफेसर निशा यादव ने विभाग की उपलब्धियों, अत्याधुनिक प्रयोगशाला उपकरणों, शोध सुविधाओं और एमएससी के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों से अवगत कराया। सहायक प्रोफेसर लक्ष्मी देवी ने प्रयोगशाला में काम करने के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, सहायक प्रोफेसर डा. गीतांजलि और डा. कनिका मिगलानी ने पाठ्यक्रम संरचना की जानकारी दी। प्रोफेसर डा. रश्मि पुंडीर ने विद्यार्थियों को लगन और कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

स्किट व रोल प्ले प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के विद्यार्थी बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गुड़ियानी गांव के बाबू बाल मुकुंद गुप्त राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ईको क्लब की ओर से से प्लास्टिक को कहो ना थीम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा स्किट,रोल प्ले, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, निबंध प्रतियोगिता तथा पौधों में पानी देने जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्किट एवं रोल प्ले के माध्यम से प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया तथा लोगों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित किया। स्किट व रोल प्ले प्रतियोगिता में कक्षा नौवी-ए के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान तथा कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुएं तैयार कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं ए के यश ने प्रथम स्थान, कक्षा 7वीं ए के परवीन ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 8वीं ए की वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रेवाड़ी। विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते प्राचार्य।

पौधरोपण लाखनौर गांव में 500 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बढ़ते प्रदूषण व पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता: अभय देव

- सामूहिक जनभागीदारी से ही हरित पर्यावरण का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव लाखनौर में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर स्वामी अभय देव के मार्गदर्शन में गांव में करीब 500 पौधे लगाए गए। अभियान में ग्रामीणों, युवाओं और मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर भगवत सेवा आश्रम के स्वामी अभय देव ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण करना भी प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। यदि समाज के सभी लोग पौधरोपण को जनअभियान के रूप में अपनाएं तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकता है। वन विभाग के अधिकारी दीपक नंदा ने कहा कि वन विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें और उन्हें पेड़ बनने तक सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि सामूहिक जनभागीदारी से ही हरित पर्यावरण का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में गांव की सरपंच रचना यादव व युवा नेता प्रशांत यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया गया।

रेवाड़ी। गांव में पौधरोपण करते अतिथि व नागरिक।

प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण बचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए

इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह के निजी प्रवक्ता हरेन्द्र यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार और वन विभाग की ओर से प्रदेश में हरियाली बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। गांवों में इस प्रकार के पौधरोपण अभियान समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण बचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

खेतों से तीन किसानों के सिंचाई उपकरण चुरा कर ले गए चोर

कोसली। जखाला गांव की सीमा में स्थित खेत के ट्यूबवेल के कमरे से चोर सिंचाई से संबंधित उपकरण चोरी कर ले गए। मुबारिकपुर गांव निवासी किसान धर्मेन्द्र ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खेत जखाला गांव की सीमा में लगते है। शनिवार रात वह अपने खेत में बाजरे की फसल देखने गए तो खेत में बने कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो 9 नोजल, 2 बैंड एल्यूमिनियम, एक कली व एक पुरानी मोटर गायब मिली। उनके खेत के पड़ोसी दिलबाग के खेत में बने कमरे से भी चोर ताला तोड़कर 14 नोजल, 20 मीटर केबल व एक कली तथा एक अन्य पड़ोसी सतबीर के खेत से भी 25 फीट केबल व एक नोजल चोरी कर ले गए।